# झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची
# JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL, RANCHI

**PROGRAMME FOR ANNUAL SECONDARY AND INTERMEDIATE (ARTS, SCIENCE & COMMERCE) THEORY/PRACTICAL EXAMINATION, 2026**

**वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य) सैद्धांतिक/व्यावहारिक परीक्षा, 2026 का परीक्षा कार्यक्रम**

**विज्ञप्ति संख्या– 47/2025**

**परीक्षा प्रारम्भ की तिथि– 03.02.2026**

| Date & Days | माध्यमिक/Secondary<br>1st Sitting<br>9.45 A.M. – 1.00 P.M. | इंटरमीडिएट/Intermediate<br>2nd Sitting<br>2.00 P.M. – 5.15 P.M. |
|---|---|---|
| **03.02.2026 Tuesday** | IIT & Other Vocational subjects<br>( 9.45 A.M. to 12.35 P.M.) | Vocational Subjects - I.A., I.Sc. & I. Com. |
| **04.02.2026 Wednesday** | Hindi (Course A & Course B)<br>हिन्दी ''ए'' और हिन्दी ''बी'' | Economics - I.Sc. & I.Com.<br>Anthropology - I.A. |
| **05.02.2026 Thursday** | Commerce/Home Science<br>वाणिज्य/गृह विज्ञान | Mathematics/Statistics - I.A., I.Sc. & I. Com. |
| **06.02.2026 Friday** | Urdu/Bengali/Oriya<br>उर्दू/बंगला/उड़िया | Economics - I.A.<br>Accountancy - I.Com. |
| **07.02.2026 Saturday** | Social Science<br>सामाजिक विज्ञान | Physics - I.Sc. |
| **09.02.2026** Monday | Science<br>विज्ञान | Biology (Botany+Zoology) - I.Sc.<br>Business Studies - I.Com.<br>Sociology - I.A. |
| **10.02.2026** Tuesday | Music<br>संगीत | Geology - I.Sc.<br>Business Mathematics - I.Com.<br>Geography - I.A. |
| **11.02.2026** Wednesday | Mathematics<br>गणित | Entrepreneurship - I.Com.<br>Home Science - I.A. |
| **13.02.2026** Friday | English<br>अंग्रेजी | Philosophy - I.A.<br>Chemistry - I.Sc. |
| **14.02.2026** Saturday | Kharia/Khortha/Kurmali/Nagpuri/Panch Pargania<br>खड़िया/खोरठा/कुरमाली/नागपुरी/पंच परगनिया | History - I.A. |
| **16.02.2026** Monday | Sanskrit<br>संस्कृत | Political Science - I.A. |
| **17.02.2026** Tuesday | Arabic/Persian/Ho/Mundari/Santhali/Oraon<br>अरबी/फारसी/हो/मुण्डारी/संथाली/उरांव | Psychology - I.A.<br>Computer Science - I.Sc. & I.Com. |
| **18.02.2026** Wednesday | ............................................................ | Compulsory Core Language - I.A.<br>Hindi 'A' & English 'A' |
| **20.02.2026** Friday | ............................................................ | Compulsory Core Language - I.Sc. & I. Com.<br>Hindi 'A' & English 'A'<br>Music - I.A. |
| **21.02.2026 Saturday** | ............................................................ | Elective Language (Compulsory) - I.A.<br>Additional Language - I.Sc. & I.Com. |
| **23.02.2026 Monday** | ............................................................ | Compulsory Core Language - I.A., I.Sc. & I. Com.<br>Hindi 'B' + Matribhasha |

इंटरमीडिएट स्तर के गैर–भाषायी विषयों की परीक्षा में देवनागरी/रोमन/बंगला/उर्दू/उड़िया (Hindi/English/Bangla/Urdu/Oriya) लिपि में लिखी गई उत्तरपुस्तिकायें ही मान्य होगी। दिनांक 23.02.2026 को द्वितीय पाली में आयोजित होनेवाली HNB – MB विषय की परीक्षा में छात्र/छात्राओं द्वारा दो अलग–अलग सादी उत्तरपुस्तिका का उपयोग किया जाएगा। उक्त दोनों उत्तरपुस्तिका की क्रम संख्या उपस्थिति पत्रक में भी दर्ज करना अनिवार्य होगा। Biology विषय के लिए एक–ही उत्तरपुस्तिका का उपयोग किया जाएगा।

**आवश्यक निर्देश**

परीक्षार्थियों को परीक्षा के तनाव से मुक्त करने के लिए माध्यमिक परीक्षा एवं इंटरमीडिएट परीक्षा के प्रश्न पत्र अवलोकन हेतु कुल 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जायेगा।

**(क)** **<u>वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा, 2026 का आयोजन निम्नवत् रुप से किया जाना है</u> :–**

- माध्यमिक परीक्षा के लिए प्रश्न–सह–उत्तरपुस्तिका आधारित परीक्षा ली जाएगी।
- इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए सादी उत्तरपुस्तिका आधारित परीक्षा ली जाएगी।

(माध्यमिक परीक्षा **दिनांक 03.02.2026 से 17.02.2026** तक प्रथम पाली में एवं इंटरमीडिएट परीक्षा **दिनांक 03.02.2026 से 23.02.2026** तक द्वितीय पाली में होगी।)

(1) माध्यमिक परीक्षा, 2026 के प्रवेश पत्र **दिनांक 16.01.2026** से एवं इंटरमीडिएट परीक्षा, 2026 के प्रवेश पत्र **दिनांक 17.01.2026** से परिषद् के वेबसाइट www.jac.jharkhand.gov.in के माध्यम से विद्यालय/महाविद्यालय के प्राचार्य के द्वारा डाउनलोड किए जायेंगे। Download किये गये प्रवेश पत्र को संबंधित परीक्षार्थी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाएगा। माध्यमिक एवं इंटर परीक्षा के लिए उपस्थिति पत्रक, रोलशीट एवं परीक्षा संबंधित अन्य प्रपत्रों का वितरण जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय से **दिनांक 27.01.2026** से किए जायेंगे। विद्यालयों/महाविद्यालयों के प्रधानों एवं केन्द्राधीक्षकों से अनुरोध है कि वे स्वयं अथवा अधिकृत दूत के द्वारा उक्त सामग्री निर्धारित स्थान से प्राप्त कर लेंगे।

(2) माध्यमिक परीक्षाओं के लिए प्रायोगिक परीक्षा **दिनांक 24.02.2026 से 07.03.2026** तक संबंधित विद्यालय के द्वारा ली जायेगी। विद्यालय प्रधानों से अनुरोध है कि अपने विद्यालय की प्रायोगिक परीक्षा का प्रश्न पत्र संबंधित जिला के जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय से विशेष दूत के द्वारा निश्चित रुप से **दिनांक 18.02.2026 से 21.02.2026** तक प्राप्त कर लेंगे। छात्र/छात्राओं को प्रायोगिक परीक्षा हेतु उत्तरपुस्तिकाओं की व्यवस्था संबंधित विद्यालयों द्वारा करायी जायेगी।

(3) इंटरमीडिएट विज्ञान, वाणिज्य एवं कला संकाय के लिए प्रायोगिक परीक्षा की **तिथि 24.02.2026 से 07.03.2026** तक दोनों पालियों में आयोजित की जाएगी। परिषद् से प्रायोगिक परीक्षा से संबंधित सामग्री प्राप्त करने की तिथि **दिनांक 20.02.2026 से 23.02.2026** तक रहेगी।

(4) माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा, 2026 के लिए प्रायोगिक एवं आन्तरिक मूल्यांकन के अंकों का संधारण विद्यालय/महाविद्यालय परिषद् के वेबसाईट www.jac.jharkhand.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन करेंगे। इस हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश परिषद् के वेबसाईट पर उपलब्ध है।

(5) इंटरमीडिएट परीक्षा, 2026 के लिए सम्पादित प्रायोगिक परीक्षा की मूल्यांकित उत्तरपुस्तिका, आन्तरिक/बाह्य परीक्षक की विषयवार सूची एवं उपस्थिति पत्रक की मूल प्रति अलग–अलग सीलबंद लिफाफा में **दिनांक 12.03.2026** तक संबंधित परिषद् कार्यालय में जिला परीक्षा प्रभारी को हस्तगत कराना सुनिश्चित किया जाय।

**(ख)** **<u>प्रायोगिक परीक्षा एवं आन्तरिक मूल्यांकन के अंकों का संधारण हेतु निर्धारित कार्यक्रम</u>**

- माध्यमिक परीक्षा के लिए – **दिनांक 25.02.2026 से 09.03.2026 तक**।
- इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए – **दिनांक 25.02.2026 से 09.03.2026 तक**।

सभी विद्यालय/महाविद्यालय प्रधान से अनुरोध है कि उपर्युक्त कार्यक्रम के अनुसार वेबसाईट पर दिए गए दिशा–निर्देश के आलोक में संबंधित छात्र–छात्राओं के प्रायोगिक एवं आन्तरिक मूल्यांकन के विषयवार अंकों का ऑनलाइन संधारण करना सुनिश्चित किया जाय। संधारित किये गये Consolidated list की एक प्रति विद्यालय प्रधान अपने पास सुरक्षित रखेंगे एवं एक प्रति जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में जमा करेंगे। ऑनलाइन प्रविष्टि में किसी भी प्रकार की त्रुटि के लिए विद्यालय/महाविद्यालय प्रधान जिम्मेवार होंगे। जिला शिक्षा पदाधिकारी उक्त Consolidated list की प्रति परिषद् कार्यालय को आवश्यक रुप से हस्तगत कराने का कष्ट करेंगे।

नोट :– (1) डाक/कुरियर द्वारा प्रायोगिक परीक्षा से संबंधित भेजा गया कोई भी प्रपत्र या कागजात स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(2) यदि परीक्षार्थी प्रायोगिक परीक्षा में अनुपस्थित होंगे तो उन्हें इस अवधि के उपरान्त किसी भी परिस्थिति में परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु कोई भी अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा एवं उन्हें अनुपस्थित माना जाएगा।

(3) प्रायोगिक परीक्षा एवं आन्तरिक मूल्यांकन के अंकों की ऑनलाइन प्रविष्टि ससमय किया जाना आवश्यक होगा। निर्धारित अवधि के पश्चात् किसी भी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जायेगा और न ही ऑफलाइन माध्यम से प्राप्त अंकों की स्वीकृति दी जायेगी। ऑनलाइन अंकों की प्रविष्टि नहीं किए जाने के कारण संबंधित छात्र/छात्राओं का परीक्षाफल प्रभावित होगा, जिसकी सारी जिम्मेवारी विद्यालय/महाविद्यालय प्रधान की होगी।

(4) होली अवकाश 03 एवं 04 मार्च, 2026 को घोषित है।

अध्यक्ष के आदेश से,

ह0/–
सचिव
झारखण्ड अधिविद्य परिषद्,
राँची।

JAC/Gop./6059/25-Secy/1135/25
Dated – 25.11.2025